1	2	3	4	5	6	7
6	गोवा	05	—	—	2.50	0.
7	गुजरात	345	10.50	2,71,324	303.00	63.
8	हरियाणा	12	0.18	2,495	—	3.19
9	हिमाचल प्रदेश	179	4.76	7,637	399.00	6.75
10	जम्मू एवं कश्मीर	58	—	3,788	—	6.75
11	कर्नाटक	103	1.57	44,347	190.00	10.12
12	केरल	179	1.98	86,598	100.00	23.25
13	मध्य प्रदेश	288	3.77	2,44,700	200.00	27.75
14	महाराष्ट्र	303	3.22	1,45,647	715.00	—
15	उड़ीसा	88	4.65	10,738	376.00	29.78
16	पंजाब	41	0.62	958	—	5.25
17	राजस्थान	36	1.00	8,809	—	69.75
18	तमिलनाडु	69	0.02	46,180	221.00	14.62
19	उत्तर प्रदेश	317	5.98	65,816	281.00	26.64

कृषि क्षेत्र में बिजली और पानी शुल्क में वृद्धि

497. श्री चतुरानन मिश्र :
श्री एन. गिरि प्रसाद :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या यह सच है कि विश्व बैंक ने केन्द्रीय सरकार से कृषि क्षेत्र में बिजली और पानी के शुल्क को बढ़ाने के लिए कहा है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या-है और सरकार की उस पर क्या प्रति किया है

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) तथा (ख) जी, हां. विश्व बैंक समय-समय पर यह सुझाव देता रहा है कि बिजली तथा पानी के शुल्कों को तर्कसंगत बनाया जाए और कृषि के उपयोग हेतु बिजली का शुल्क न्यूनतम 50 पैसे प्रति के डब्ल्यू एच. किया जाए। बिजली तथा पानी के शुल्क के बारे में निर्णय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा लिए जाते हैं। अब तक सोलह राज्यों और दो संघ शासित क्षेत्रों ने कृषि के उपयोग हेतु बिजली के शुल्क इस दर पर निर्धारित करने पर सहमति प्रकट की है।

बटर आयल का आयात

498. श्रीमती कमला सिन्हा :
डा. बापू कालदाते :
कुमारी सरोज खापर्डे :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) क्या सरकार देश में बटर आयल की कमी को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के माध्यम से उसका आयात करने का विचार रखती है अथवा इनका आयात किया है ;

(ख) यदि हां, तो बटर आयल की मांग आरंभ आपूर्ति के बीच 1994 के प्रारभ में और अगस्त, 1994 के अन्त में कितना अन्तर था ;

(ग) कितनी मात्रा में बटर आयल का आयात किया गया है और किस मूल्य पर इसका आयात किया गया है; और

(घ) बटर आयल के घरेलू मूल्यों पर इसका कुल प्रभाव क्या पड़ा है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) राष्ट्रीय डरी विकास बोर्ड को देश में बटर आयल के आयात की अनुमति दी गई है।